जबसे बाबा के दर पे हम जाने लगे भजन लिरिक्स

जबसे बाबा के दर पे,
हम जाने लगे।

दोहा – टूट गई थी उम्मीदे सब,
टूट गई थी आस,
हार के दुनिया से मैं आई,
बाबा तेरे पास,
एक तुझपे ही था,
सांवरे मुझको विश्वास,
तेरी रहमत से बची है,
मेरे तन में साँस।

जबसे बाबा के दर पे,
हम जाने लगे,
हर खुशी मिल गई,
देखते देखते,
कल तलक एक राह,
दिखती ना थी,
मंज़िले मिल गई,
देखते देखते,
जबसें बाबा के दर पे,
हम जाने लगे,
हर खुशी मिल गई,
देखते देखते।bd।

तर्ज – देखते देखते।

क्या बताऊँ मैं तुमको कहानी मेरी,
कितनी बेनूर थी ज़िंदगानी मेरी,
श्याम ने जबसे पकड़ा है दामन मेरा,
ज़िंदगी सज गई देखते देखते,
सांवरे के करम से उदासी मेरी,
खुशियों में ढल गई देखते देखते,
जबसें बाबा के दर पे,
हम जाने लगे,
हर खुशी मिल गई,
देखते देखते।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मुझसे नज़रे मिलाने से कतराते थे,
कल तलक फेरकर मुंह को जो जाते थे,
वो ही आकर गले से लगाने लगे,
बेरूखी टल गई देखते देखते,
श्याम की रहमतो का असर ये हुआ,
बात सब बन गई देखते देखते,
जबसें बाबा के दर पे,
हम जाने लगे,
हर खुशी मिल गई,
देखते देखते।bd।

सांवरा जो करम मुझपे करता नही,
मेरा नामो निशा जग में मिलता नही,
श्याम ने 'शर्मा' पे ऐसा अहसा किया,
हर बला टल गई देखते देखते,
कल तलक हसरते दिल में जो थी दबी,
फिर से वो पल गयी देखते देखते,
जबसें बाबा के दर पे,
हम जाने लगे,
हर खुशी मिल गई,
देखते देखते।bd।

जबसे बाबा के दर पे,
हम जाने लगे,
हर खुशी मिल गई,
देखते देखते,
कल तलक एक राह,
दिखती ना थी,
मंज़िले मिल गई,
देखते देखते,
जबसें बाबा के दर पे,
हम जाने लगे,
हर खुशी मिल गई,
देखते देखते।bd।

Singer – Renu Chaudhary

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com